401782

अनुक्रमांक / **Roll No.**

| 1 | 0 | 1 | 8 | 0 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।

Candidate should write his/her *Roll No.* here.

कुल प्रश्नों की संख्या : 3

Total No. of Questions : 3

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

No. of Printed Pages : 12

# M–2018–IV

## सामान्य अध्ययन

## GENERAL STUDIES

**चतुर्थ प्रश्न-पत्र**

**FOURTH PAPER**

समय : 3 घंटे ]

Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 200

[ Total Marks : 200

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

***Instructions to the Candidates :***

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल **तीन** प्रश्न हैं तथा **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

   This Question Paper consists of **three** questions and **all** questions are compulsory.

2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसकी दाहिनी ओर हाशिये में अंकित हैं।

   Marks for each question have been indicated on the right-hand margin.

3. प्रश्न संख्या **1** में कोई आंतरिक विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।

   There is no internal choice in Question No. **1**. Remaining questions carry internal choice.



SEAL

Scanned by CamScanner

4. प्रथम प्रश्न लघु-उत्तरीय है, जिसमें **15** अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर *1* अथवा *2* पंक्तियों में देना है। प्रश्न संख्या **2** में शब्द-सीमा *150* है।

The first question is of short-answer type consisting of **15** compulsory questions. Each one is to be answered in *1* or *2* lines. For Question No. **2** word limit is *150* words.

5. जहाँ शब्द-सीमा दी गई है, उसका पालन अवश्य करें।

Wherever word limit has been given, it must be adhered to.

6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखें।

Question should be answered exactly in the order in which they appear in the question paper. Answer to the various parts of the same question should be *written* together compulsorily and no answer of the other question should be inserted between them.

7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतर में से अंग्रेजी रूपांतर को मानक माना जाएगा।

In case there is any error of printing or factual nature, then out of the Hindi and English versions of the question, the English version will be treated as standard.



Scanned by CamScanner

1. निम्नलिखित प्रत्येक लघु-उत्तरीय प्रश्न का उत्तर *1* या *2* पंक्तियों में दीजिए : 3×15=45

Give answers of the following short answer-type questions in *1* or *2* lines each :

*(a)* लोक प्रशासन में सत्यनिष्ठा का तात्पर्य समझाइए।

Explain the meaning of integrity in public administration.

*(b)* लोक प्रशासन में लोकोपयोगी सेवा का आधार क्या है?

What is the basis of public utility services in public administration?

*(c)* नैतिक मार्गदर्शन के स्रोत के रूप में 'अन्तरात्मा' से आप क्या समझते हैं?

What do you understand by 'conscience' as source of ethical guidance?

*(d)* बुद्ध के अनुसार तीन स्वर्णिम मार्ग क्या हैं? उल्लेख कीजिए।

What are the three golden paths according to Buddha? Point out.

*(e)* गाँधीजी के द्वारा बताए गए ग्यारह वचनों में से किन्हीं छः वचनों का उल्लेख कीजिए।

Point out any six vows out of the eleven vows told by Gandhiji.



Scanned by CamScanner

(f) निम्नलिखित पुस्तकों के लेखकों के नाम लिखिए :

Name the authors of the following books :

(i) रामचरितमानस

*Ramcharitmanas*

(ii) दि रिलिजन ऑफ मैन

*The Religion of Man*

(iii) द लाइफ डिवाइन

*The Life Divine*

(g) ब्रह्म समाज के दो संस्थापक कौन थे?

Who were the two founders of Brahma Samaj?

(h) लोक सेवा में 'निष्पक्षता' का अर्थ समझाइए।

Explain the meaning of 'impartiality' in public service.

(i) आन्तरिक मनोवृत्ति के निर्धारक के रूप में 'अभिरुचि' को परिभाषित कीजिए।

Define 'aptitude' as an internal attitude determinant.

(j) लोक सेवा में 'बुद्धि' की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

Clarify the role of 'intelligence' in public service.



Scanned by CamScanner

(k) मनोवृत्ति परिवर्तन में 'विश्वास' का स्थान समझाइए।

Explain the place of 'beliefs' in attitudinal change.

(l) सहिष्णुता से आप क्या समझते हैं?

What do you understand by tolerence?

(m) "लोक प्रशासन सामाजिक परिवर्तन का एक यंत्र है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए।

"Public administration is an agent of social change." Explain this statement.

(n) भारत में बेनामी सम्पत्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

Clarify the purport of Benami Sampatti (property) in India.

(o) सामान्य परिस्थितियों में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी कितने दिनों में सूचना देने के लिए बाध्यकारी है?

According to the Right to Information Act, 2005, under the normal circumstances, in how many days the public information officer is obliged to provide information?



Scanned by CamScanner

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक उत्तर लगभग *150* शब्दों की सीमा में हो : 6×15=90

Write the answer of any *fifteen* questions from the following. Each answer should be limited up to *150* words :

*(a)* लोक सेवकों की आचरण संहिता के मुख्य प्रावधानों का विश्लेषण कीजिए।

Analyze the main provisions of the code of conduct for civil servants.

*(b)* ''प्रशासन एक नैतिक कार्य है और प्रशासक एक नैतिक अभिकर्ता।'' इस कथन की विवेचना कीजिए।

"Administration is a moral act and the administrator is a moral agent." Discuss this statement.

*(c)* ''मैं सोया और पाया कि जीवन सौन्दर्य था। मैं जागा और पाया कि जीवन एक कर्तव्य था।'' ई० एस० हूपर की इन पंक्तियों का लोक सेवकों के कर्तव्यपालन के परिप्रेक्ष्य में निरूपण कीजिए।

"I slept and dreamt that life was beauty. I woke and found that life was duty." Elucidate E. S. Hooper's couplet in respect of duty of civil servants.

*(d)* वर्धमान महावीर के पाँच नैतिक सिद्धान्तों (पंचमहाव्रतों) का उल्लेख कीजिए।

Point out five moral principles (Panchmahavratas) of Vardhamana Mahavira.



Scanned by CamScanner

(e) तुलसीदास जी के काव्य में सामाजिक चेतना पर टिप्पणी लिखिए।

Write comments on social consciousness in the poetry of Tulasidas.

(f) गाँधीवादी दर्शन के नैतिक बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए।

Throw light on the ethical points of Gandhian philosophy.

(g) एक समाज सुधारक के रूप में राजा राममोहन रॉय के योगदान का वर्णन कीजिए।

Describe the contribution of Raja Rammohan Roy as a social reformer.

(h) रवीन्द्रनाथ टैगोर के 'मानवतावाद' पर टिप्पणी लिखिए।

Write comments on 'humanism' of Rabindranath Tagore.

(i) समाजवाद के बारे में राम मनोहर लोहिया के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

Clarify the views of Ram Manohar Lohia regarding socialism.

(j) मनोवृत्ति संरचना के निर्धारक तत्त्व कौन-कौन से हैं? विवेचन कीजिए।

What are the determining factors of attitude formation? Discuss.



Scanned by CamScanner

(k) भारत में रूढ़िवादिता तथा पूर्वाग्रह की अवधारणा समझाइए।

Explain the concepts of stereotyping and prejudice in Indian context.

(l) "विस्तृत दृष्टिकोण से प्रेरणा उन शक्तियों को निर्धारित करने की समस्या है, जो कि समस्त जीव प्राणियों को कार्य के लिए बाध्य या उत्तेजित करती है।" प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक बोरिंग तथा लैंग्फील्ड के इस कथन के आलोक में मनोवृत्ति परिवर्तन में प्रेरणा की भूमिका समझाइए।

"Broadly viewed motivation is the problem of determining the forces which impel or incite all living organisms to action." In the light of this statement, given by famous psychologists Boring and Langfield, explain the role of inspiration in changing attitude.

(m) लोक सेवा के आधारभूत मूल्य के रूप में समानुभूति के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

Throw light on the importance of empathy as one of the basic values for civil service.

(n) "आदर्श प्रशासनिक अपेक्षाएँ लोक सेवा के प्रति समर्पण की अभिक्षमता सुनिश्चित करती है।" इस कथन पर टिप्पणी लिखिए।

"The ideal administrative expectations ensure aptitude of dedication to public service." Write comments on this statement.

(o) 'सांवेगिक बुद्धि' की अवधारणा का वर्णन कीजिए तथा इसके महत्त्व का उल्लेख कीजिए।

Describe the concept of 'emotional intelligence' and point out its importance.



Scanned by CamScanner

*(p)* भ्रष्टाचार के प्रमुख प्रकारों का संक्षेप में निरूपण कीजिए। भ्रष्टाचार के प्रमुख कारण क्या हैं? उल्लेख कीजिए।

Give a brief account of main kinds of corruption. What are the main causes of corruption? Point out.

*(q)* सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए सुझाव दीजिए।

Give suggestions for prevention of corruption in public life.

*(r)* भ्रष्टाचार पर संयुक्त राष्ट्रसंघ की घोषणा का वर्णन कीजिए।

Describe United Nations Convention on Corruption.

**3.** पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषय-वस्तु पर आधारित प्रकरण :

Case studies based on contents of syllabus :

*(a)* प्रथम प्रकरण :

विषय : परीक्षा प्रणाली की विसंगति

आप किसी राज्य के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निदेशक हैं। बोर्ड ने भौतिक विज्ञान विषय की बारहवीं कक्षा की परीक्षा सम्पन्न करा दी है।

परीक्षा सम्पन्न होने के एक हफ्ते बाद आपको कुछ सूत्रों से पता चलता है कि संभवतः परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ही किसी स्कूल और कोचिंग संस्थान की मिलीभगत से प्रश्न-पत्र लीक हो चुका था। कुछ प्रारम्भिक जाँच से आपको निर्णयात्मक साक्ष्य मिलता है कि प्रश्न-पत्र लीक हुआ था। धीरे-धीरे यह सूचना आम जनता में फैलने लगी और समाचार-पत्रों में भी प्रकाशित हुई। बोर्ड ने भौतिक विज्ञान की परीक्षा पुनः कराने का निर्णय लिया।



Scanned by CamScanner

First Case Study :

Subject : Predicament in Examination System

You are a Director of some State Secondary Education Board. Board has conducted the Physics examination of class twelfth.

A week after the examination by some source it comes to your knowledge that there could have been a paper leak before the starting of the examination done by a collusion of some school and coaching centre. After some preliminary investigation, you get a conclusive proof that indeed the paper was leaked. Gradually the news came into public and also was published in newspapers. Board decided to conduct a reexamination of Physics paper.

उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15×2=30

Answer any *two* questions in the light of above mentioned case study :

*(i)* प्रश्न-पत्र लीक होने के क्या कारण हैं?

What are the reasons behind such paper leak?

*(ii)* इस तरीके की घटना का व्यवस्था एवं छात्रों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

What implications such incidents have on the system and students?

*(iii)* निदेशक के रूप में इस तरह की घटना रोकने के लिए आप क्या उपाय करेंगे?

As a Director, what measures would you take to prevent such incidents from happening again?



Scanned by CamScanner

*(b)* द्वितीय प्रकरण :

विषय : लोक सेवा और नैतिक मूल्यों का संघर्ष

एक गरीब, वृद्ध एवं परिवार से परित्यक्त महिला, सड़क के किनारे दुकान लगाकर और उस दुकान में फूल बेचकर जीविका निर्वाह करती है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वह हँसमुख एवं मातृत्व-धारित प्रकृति सम्पन्ना है। आप SDM हैं और प्रतिदिन उसकी दुकान पर जाकर स्वयं फूल खरीदते हैं। उसी क्षेत्र को DM 'नो टॉलरेंस ज़ोन' घोषित करते हैं, और आपको निर्देश देते हैं कि अविलम्ब अवैधानिक निर्माण ध्वस्त करा दें। महिला असहाय होकर आपसे मदद माँगती है। भावुक होकर स्थानीय नागरिक भी उसकी दुकान छोड़ने की सिफ़ारिश करते हैं।

Second Case Study :

Subject : Public service and conflict of ethical values

A poor aged woman abandonned by her family meets her ends by selling flowers on a roadside shop. In spite of her circumstances she is a very cheerful and mother-like figure. You are an SDM and everyday you yourself, go to her shop and purchase flowers from her. Declaring that region as 'No Tolerance Zone' the DM instructs you to demolish all illegal constructions as soon as possible. The woman cries for her helplessness. By emotions, the locals too request you to exempt her shop.

उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 7×5=35

Answer the following questions in the light of above mentioned case study :

*(i)* क्या आप उस महिला की दुकान छोड़ देंगे?

Would you exempt the woman's shop?

*(ii)* आप स्थानीय नागरिकों को उनकी सिफारिश के सन्दर्भ में क्या जवाब देंगे?

In respect of their request, what would you reply to the locals?



Scanned by CamScanner

(iii) कौन-से मूल्य प्रश्नगत हैं, यदि आप उसकी दुकान छोड़ने का निर्णय लेते हैं?

Which values would be in question, if you decide to exempt her shop?

(iv) कौन-से मूल्य प्रश्नगत हैं, यदि आप उसकी दुकान तोड़ने का निर्णय लेते हैं?

Which values would be in question, if you decide to demolish her shop?

(v) महात्मा गाँधी का मत है कि "देश की महानता का मापन इस बात से होता है कि वह अपने कमजोर वर्ग के सदस्यों के साथ कैसा बर्ताव करता है"। इस कथन के आलोक में आपके अनुसार देश की अपने सबसे कमजोर वर्ग के सदस्यों के प्रति क्या जिम्मेदारी है?

Mahatma Gandhi believed that "a nation's greatness is measured by how it treats its weakest members". On account of the given statement, what, according to you, are the nation's responsibilities towards its fragile populace?

★★★



Scanned by CamScanner